भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3144

जिसका उत्तर 11 मार्च, 2026 को दिया जाना है

एनएलसी द्वारा खनन क्षेत्रों का विस्तार

3144. कु. सुधा आर.:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) द्वारा संचालित खनन क्षेत्रों के विस्तार का कोई प्रस्ताव है, इस तथ्य को देखते हुए कि इस तरह के किसी भी कदम से तमिलनाडु के मयिलादुथुराई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में भू-जल और कृषि क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) नेवेली लिग्राइट कॉर्पोरेशन के अंतर्गत और अधिक खदानें बनाने के लिए चिन्हित किए गए स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) और अधिक खदानें बनाने के प्रस्ताव की स्थिति क्या है और इस उद्देश्य के लिए आबंटित निधि, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा नेवेली लिग्राइट कॉर्पोरेशन के अंतर्गत खनन क्षेत्रों के विस्तार के लिए कोई अध्ययन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान राज्य मंत्री

(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) से (घ) : तमिलनाडु के मयिलादुथुराई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में नेयवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) द्वारा प्रचालित खनन क्षेत्रों का विस्तार करने का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****